NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष:06, अंक:-08, पृष्ठ: 12 | मंगलवार, 14 जुलाई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# ईरानी हमले में भारतीय की मौत, डिप्लोमेट तलब

## होर्मुज में तेल टैंकरों पर मिसाइल हमले किए थे, अमेरिका की ईरान पर 5 घंटे बमबारी

**नई दिल्ली।** ईरान के होर्मुज में हालिया हमलों में एक भारतीय की मौत हो गई, जिसके बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने ईरान के उप राजदूत मोहम्मद जवाद हुसैनी समेत ईरानी डिप्लोमेट्स को तलब किया। विदेश मंत्रालय ने इस घटना पर ईरानी मिशन से जवाब मांगा और गंभीर चिंता भी जताई। यह राजनयिक कदम ओमान के समुद्री क्षेत्र में होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे संयुक्त अरब अमीरात के ध्वज वाले दो टैंकरों पर हुए हमले के बाद उठाया गया है। इसमें एक भारतीय चालक दल के सदस्य की मौत हो गई। वहीं, भारतीय नागरिकों सहित कई अन्य



घायल हो गए। भारत ने ईरानी दूतावास से स्पष्टीकरण मांगा और हमले पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की। दरअसल, होर्मुज स्ट्रेट में ईरान ने यूएई के दो तेल टैंकरों पर क्रूज मिसाइलों से हमला किया था। यूएई के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस हमले में 6 भारतीयों समेत 8 लोग भी घायल हैं। वहीं, अमेरिका ने भी ईरान पर बड़े पैमाने पर जवाबी सैन्य कार्रवाई की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, करीब पांच घंटे तक चले हमलों में बुशहर, चाबहार, जास्क, कोनार्क, अबू मूसा और बंदर अब्बास स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## ट्रम्प बोले- मुजतबा खामेनेई 90% खत्म

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि हालिया अमेरिकी और इजराइली हमलों में ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई 90% खत्म हो चुके हैं। साथ ही ईरान का शीर्ष सैन्य नेतृत्व भी लगभग पूरी तरह खत्म हो गया है। एक इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा, ईरान के पास अब न नौसेना बची है, न वायुसेना। उसका एयर डिफेंस सिस्टम खत्म हो चुका है और उसके प्रमुख नेता मारे जा चुके हैं।

# देवघर चारा घोटाला मामले में लालू यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत






**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को देवघर चारा घोटाला मामले में बड़ी राहत मिली है।

सुप्रीम कोर्ट ने लालू यादव की जमानत को रद्द करने से इंकार कर दिया है। आपको बता दें कि सीबीआई ने चारा घोटाला मामले में दोषी करार दिए गए लालू यादव की जमानत को रद्द करने की मांग की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने लालू यादव को जमानत देने के हाई कोर्ट के आदेश मे दखल देने से इंकार कर दिया है। जानकारी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने लालू यादव की जमानत रद्द करने की सीबीआई की मांग को इंकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि हम हाई कोर्ट के आदेश में दखल नहीं देना चाहते, खासकर इसलिए क्योंकि तब से सात साल बीत चुके हैं। सीबीआई की अपील साल 2018 की हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से लालू यादव के मामले की सुनवाई मे तेजी लाने को कहा है।

# कठुआ बॉर्डर पर आतंकी साजिश की आशंका, एजेंसियां अलर्ट

**जम्मू।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा नब्बे के दशक से ही घुसपैठ को लेकर संवेदनशील रही है। हीरानगर सेक्टर में बोबिया में रविवार दोपहर घुसपैठ की कोशिश कोई पहली घटना नहीं है। इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां भी लगातार सतर्क हैं। सूत्र बताते हैं कि बोबिया की घटना आतंकी संगठनों की ओर से रेकी की चाल हो सकती है।

किसी बड़ी घुसपैठ से पहले भारतीय सुरक्षाबलों की मुस्तैदी और अलर्टनेस का स्तर आंकने के लिए आतंकी संगठनों की ये कोशिश हो सकती है। इसे देखते हुए सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। बोबिया पोस्ट पर घुसपैठिया घायल होने के बाद जान बचाकर पाकिस्तानी सीमा में भाग गया था। सूत्रों की मानें तो बीएसएफ ने पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ फ्लैग मीटिंग भी की और विरोध दर्ज करवाया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन जारी रखा है। सोमवार दोपहर बाद सपवालवां इलाके में सघन तलाशी अभियान चला गया।



# 11 साल में तीसरी बार मानसून पर ब्रेक

## यूपी में अब तक 19%, एमपी में 3% कम बारिश; नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़ जैसे हालात

**नई दिल्ली।** देश के बड़े हिस्से में जुलाई में मानसून ब्रेक जैसी स्थिति बनी है। साल 2015 और 2021 के बाद 11 साल में यह तीसरा मौका है। मौसम विभाग के मुताबिक 6-7 दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य और दक्षिण भारत के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार कम हैं। हालांकि, पूर्वोत्तर, बिहार और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश जारी रहेगी।

मध्य प्रदेश में पहली बार जुलाई में मानसूनी सीजन में कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक 241.8 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य बारिश 250.1 मिमी से 3% कम है। वहीं, उत्तर प्रदेश में 1 जून से 13 जुलाई के बीच 161.6 मिमी बारिश हुई, जो कि औसतन 199.7 मिमी से 19% कम है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे में कहीं भी बारिश नहीं हुई। श्रीगंगानगर में अधिकतम पारा 41.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

वहीं पूर्वोत्तर में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिहार, असम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल में लैंडस्लाइड और बाढ़ की खबरें सामने आ रही हैं।

सोमवार को अरुणाचल के कुरुंग कुमे जिले में कुमे नदी में बाढ़ के बाद भारत-चीन सीमा के पास टापा बॉर्डर आउटपोस्ट पर तैनात आईटीबीपी के 15 जवानों से संपर्क टूट गया। असम के टियोक में पुथी नदी ने एक तटबंध तोड़ दिया। कई गांव और कृषि भूमि पानी में डूब गए हैं। कई जगहों पर सड़कें टूट गईं।







**हीट इंडेक्स यानी फील लाइक टेम्परेचर बढ़ेगा**

दरअसल, हवा में नमी बढ़ने पर शरीर से निकलने वाला पसीना जल्दी नहीं सूखता। इससे शरीर ठंडा नहीं हो पाता और मौसम वास्तविक तापमान से कहीं ज्यादा गर्म लगता है। इसे हीट इंडेक्स कहते हैं। भुवनेश्वर में पारा 36 डिग्री सेल्सियस और 63% आर्द्रता के साथ हीट इंडेक्स 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मुंबई में 32 डिग्री सेल्सियस पारा होने के बावजूद 70% नमी के चलते 40 डिग्री सेल्सियस जैसी गर्मी महसूस हो रही है। दिल्ली और श्रीगंगानगर में हीट इंडेक्स करीब 45-46 डिग्री सेल्सियस है।

### मानसून ब्रेक के पीछे 4 मुख्य वजह

**1. बारिश का रास्ता बदल गया:** इस बार मानसूनी ट्रफ अपनी सामान्य जगह से उत्तर की ओर खिसक गई। इसलिए बारिश उत्तर-पूर्व और हिमालय की तलहटी की ओर ज्यादा हो रही है।।

**2. अरब सागर से कम नमी मिली:** आमतौर पर अरब सागर से आने वाली नम हवाएं पश्चिम और मध्य भारत में अच्छी बारिश कराती हैं। इस बार ये कई दिनों तक कमजोर रहीं, इसलिए इन इलाकों में बारिश कम हुई।

**3. बंगाल की खाड़ी के सिस्टम पूर्वी भारत में ही सक्रिय रहे:** बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर एरिया और डिप्रेशन बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों की ओर बढ़े। इससे इन इलाकों में लगातार बारिश हुई, लेकिन पश्चिम और मध्य भारत तक इनका असर नहीं पहुंचा।

**4. पश्चिमी विक्षोभ कमजोर रहे:** जुलाई में उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी विक्षोभ ज्यादा सक्रिय नहीं रहे। इसलिए राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी मध्य प्रदेश में बारिश बढ़ाने वाली अतिरिक्त मौसमी गतिविधियां नहीं बन सकीं।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद 10 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा खरीद का पैटर्न तेजी से बदला है। पिछले 14 महीनों में मंजूर रिकॉर्ड प्रस्तावों से संकेत मिलता है कि सेना को अब सिर्फ सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लंबी और मल्टीलेवल वॉर के लिए, तैयार किया जा रहा है।

डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने संघर्ष के बाद से 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। यह रकम एक साथ खर्च नहीं होगी, बल्कि कई साल में अलग-अलग सौदों, निर्माण कार्यक्रमों और आधुनिकीकरण योजनाओं पर लगेगी। तैयारी की पहली वजह ये है कि युद्ध छिड़ना अब सामान्य बात होती जा रही है। दूसरे, जंग छिड़ने के बाद उसे रोकना आसान नहीं रह गया है और तीसरी बात दुश्मन की कोशिश यह होती है कि लंबी और आर्थिक रुप से चोट पहुंचाने वाले सैन्य संघर्ष को जारी रखा जाए। नए प्रस्ताव में लक्ष्य महीनों तक हथियार, मरम्मत में तेजी और रसद बनाए रखना है। रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया के लंबे संघर्षों ने भारत की सैन्य सोच बदली है। हालांकि, पनडुब्बियों, पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में देरी अब भी बड़ी चुनौती है।




ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है। कुछ देशों के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं। इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपए से ज्यादा है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले साल से 62% ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपए की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए आर्मेनिया से 6,100 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट पहले ही हो चुका है।

# नागपुर रेलवे स्टेशन पर युवक ने किया हंगामा

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक रेलवे स्टेशन पर युवक ने जमकर हंगामा किया। आज सुबह ये युवक पहले एक मालगाड़ी पर चढ़ गया और ओएचई तार को पकड़ने की कोशिश करने लगा। लेकिन बिजली का प्रवाह रोके जाने की वजह से तार में करंट नहीं आया। करंट नहीं आने से युवक ने तेजी से छलांग लगाई और सामने खड़ी एक और मालगाड़ी पर पहुंच गया और बिजली के तार को पकड़ लिया।

# तीन बच्चों के साथ महिला ने खाया जहर

## मिर्जापुर में दो मासूम समेत तीन की मौत

**मिर्जापुर।** जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र के परसौना गांव में सोमवार की देर रात पारिवारिक विवाद से आहत होकर एक महिला ने अपने तीनों बच्चों को जहर खिलाकर खुद भी जहर खा लिया। हादसे में महिला, एक पुत्र और एक बेटी की मौत हो गई, जबकि एक पुत्री की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसका वाराणसी ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परसौना गांव निवासी कुसुम (38 वर्ष) ने अपने बच्चों मधु (12 वर्ष), राधिका (10 वर्ष) और सत्या (8 वर्ष) को जहर देकर खुद भी खा लिया। हालत बिगड़ने पर चारों को पीएचसी मड़िहान लाया गया, जहां से हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में ही कुसुम और राधिका की मौत हो गई। जबकि मधु और सत्या की हालत गंभीर देख ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान सत्या ने भी दम तोड़ दिया। वहीं मधु की हालत गंभीर बनी हुई है। संतनगर थाना क्षेत्र के कुसुम्हा गांव निवासी कुसुम के भाई छोटू ने बताया कि बहनोई धर्मेंद्र दिल्ली में रहता है। चार दिन पहले घर आया था। कुसुम को शक था कि उसने दूसरी शादी कर ली है। इस विवाद को लेकर 12 जुलाई रविवार को मायके शीतलगढ़ में पूर्व ग्राम प्रधान के घर समझौता हुआ था कि धर्मेंद्र 13 जुलाई सोमवार को कुसुम को विदा कराकर ले जाएगा, लेकिन वह घर आकर चला गया और विदा नहीं कराया। इसी से आहत होकर कुसुम ने यह कदम उठाया।

# नवी मुंबई में महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति का सिर काटा

**नवी मुंबई।** राबले एमआईडीसी पुलिस ने ऐरोली के यादव नगर में करीब 11 महीने पहले हुए एक सनसनीखेज हत्याकांड का पदार्फाश करते हुए मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनीता कुशवाहा (40) और राहुल दशरथ प्रजापति (30) के रूप में हुई है।

दोनों पर सुनीता के पति बलिराम सूर्यनाथ कुशवाहा (50) की हत्या कर शव के टुकड़े कर जंगल में फेंकने का आरोप है। स्थानीय अदालत ने दोनों आरोपियों को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, बलिराम अपनी पत्नी और राहुल के कथित प्रेम संबंध का विरोध करता था, जिसके चलते दोनों ने मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची।

पुलिस जांच में सामने आया कि 9 अगस्त 2025 की रात वारदात से पहले दंपति के दोनों बच्चों को उनकी मौसी के घर भेज दिया गया था। इसके बाद बलिराम की सोते समय गला घोंटकर हत्या की गई और तेज धारदार हथियार से उसका सिर अलग कर दिया गया। सबूत मिटाने के लिए आरोपियों ने शव के तीन हिस्से किए, उन्हें अलग-अलग बोरियों और चादरों में लपेटा तथा राहुल के ऑटो रिक्शा से गावली देव पहाड़ी के जंगल में तीन अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिया। घटना के बाद सुनीता बच्चों को लेकर घंसोली चली गई और राहुल के साथ रहने लगी, जबकि लोगों को बताया गया कि बलिराम घर छोड़कर चला गया है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब बलिराम के भाई ने उसकी तलाश शुरू की और अप्रैल 2026 में राबले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड, मोबाइल नंबरों में बदलाव और दोनों आरोपियों के बयानों में विरोधाभास के आधार पर पूछताछ तेज की। अलग-अलग पूछताछ में दोनों कथित तौर पर टूट गए और हत्या की पूरी साजिश का खुलासा कर दिया। फिलहाल पुलिस गावली देव जंगल में मृतक के कंकाल और अन्य अवशेषों की तलाश में अभियान चला रही है तथा मामले की आगे की जांच जारी है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376**। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# फिरोजाबाद में दो बहनों को सांप ने डंसा, दोनों की मौत

## बारिश के मौसम में बढ़े केस, बरतें सावधानियां

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** बारिश का मौसम शुरू होते ही सांप के डसने की घटनाएं बढ़ गई हैं। कई मामलों में उपचार के बाद भी लोगों की जान जा रही है। नारखी क्षेत्र में रहने वाली दो बहनों की आगरा मेडिकल कालेज में 10 घंटे के अंतर पर मृत्यु हो गई। जिससे परिवार में चीखपुकार मच गई। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है।

नारखी के गांव दौलतपुर निवासी अशोक कुमार राजा का ताल स्थित एक कारखाने में काम करते हैं। उनकी छह बेटियां हैं। शुक्रवार रात पांचवें नंबर की नौ वर्षीय बेटी खुशी और छठवें नंबर की छह वर्षीय जाह्नवी बिस्तर पर एक साथ सो रहीं थीं। रात तीन बजे दोनों के पैर में सांप ने काट लिया। चीख सुनकर स्वजन की नींद खुली। दोनों को गंभीर हालत में पांच बजे सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया।



जहां प्राथमिक उपचार के बाद एसएन मेडिकल कालेज आगरा रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान रविवार रात आठ बजे खुशी की मृत्यु हो गई। वहीं सोमवार सुबह छह बजे जाह्नवी ने भी दम तोड़ दिया। स्वजन दोनों के शव लेकर घर पहुंचे तो चीखपुकार मच गई। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पिता ने बताया कि खुशी कक्षा दो और जाह्नवी नर्सरी में पढ़ती थी। मां नीलम का रो-रोकर बुरा हाथ था। थानाध्यक्ष राकेश गिरी ने बताया कि सांप के काटने से दोनों बहनों की मृत्यु की बात सामने आई है।

इससे पहले एका के नगला भाट गांव में शुक्रवार रात सोते समय 11 वर्षीय देवांशु को सांप ने काट लिया था। पहले स्वजन झाड़ फूंक कराते रहे। जब तबीयत और बिगड़ी तो पहले एटा और फिर आगरा एसएन मेडिकल कालेज ले गए। जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया था। एक सप्ताह पूर्व लाइनपार में एक युवक की सांप के काटने से मृत्यु हो गई थी।

वहीं बसई मोहम्मदपुर में दुकानदार को खूंटी से कपड़ा उतारते समय सांप ने काट लिया था। समय से सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंचने से दुकानदार को जान बच गई।

**सांप या जहरीले कीड़े के काटने पर झाड़ फूंक न गवाएं समय**

सरकारी मेडिकल कालेज अस्पताल के मेडिसिन विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार ने बताया कि सर्प या जहरीले कीड़े काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में बिल्कुल न पड़ें। बिना देर किए मरीज को अस्पताल ले जाना चाहिए। पीड़ित को बिल्कुल शांत और स्थिर रखें। घबराने और हिलने-डुलने से जहर तेजी से फैलता है। काटे गए स्थान को पानी से धीरे-धीरे साफ करें। इसके अलावा इन बातों को ध्यान रखें।

घास-फूस या झाड़ियों में जाने से पहले डंडे से उस जगह को हिला लें।

खेतों या अंधेरे में जाते समय हमेशा पैंट, जूते और मोजे पहनें।

अंधेरे में बाहर निकलने पर हमेशा टार्च का उपयोग करें और जमीन पर सोने से बचें। रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

**चार लाख रुपये की मदद देती सरकार**

सर्पदंश से मृत्यु के मामले में सरकार इस दैवीय आपदा मानते हुए पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देती है, लेकिन इसके लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर्पदंश से मृत्यु की पुष्टि होना आवश्यक है। पुलिस से जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग की टीम इसमें स्वयं पीड़ित परिवार से संपर्क करती है।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर 9 अगस्त को कारसेवा का ऐलान

## साधु-संतों में बढ़ी सरगर्मी



एनएनआई

**मथुरा।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला अभी थमा भी नहीं था कि अब मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महांत रविंद्र पुरी ने अब श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर कारसेवा करने की घोषणा हरिद्वार में की है।

रविंद्र पुरी नौ अगस्त को कारसेवा के लिए साधु-संतों से मथुरा पहुंचने का आह्वान किया है। इस घोषणा के बाद साधु-संतों के बीच माहौल गर्म हो गया है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान को शाही मस्जिद ईदगाह से मुक्त कराने के लिए साधु-संतों के बीच अक्सर मांग उठती रही है। अब अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महांत रवींद्र पुरी ने एक टीवी चैनल को दिए बयान में कहा कि सभी संतों ने तय किया है कि हम मथुरा जाएंगे और वहां मंदिर बनाकर रहेंगे।

रविंद्र पुरी ने हरिद्वार में कहा है कि देश भर से साधु-संत नौ अगस्त को कारसेवा के लिए मथुरा पहुंचेंगे। अखाड़ा परिषद से लाखों की संख्या में साधु-संत जुड़े हैं। ऐसे में परिषद के अध्यक्ष का बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस परिषद में करीब 13 अखाड़े जुड़े हैं।

उधर, रविंद्र पुरी के बयान के बाद गोवर्धन के जुल्हैंदी स्थित श्रीचित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर डा. स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि देश भर के साधु-संत इस कारसेवा में शामिल होंगे। वह भी पूरे देशभर के साधु-संतों से इसके लिए संपर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि जन्मभूमि भगवान श्रीकृष्ण की है, यह उन्हें मिलना चाहिए। हालांकि कारसेवा की रूपरेखा क्या होगी, यह अभी उन्होंने स्पष्ट नहीं किया है।

## विवाहिता ने की आत्महत्या की कोशिश, तीन महीने पहले हुई थी शादी

एनएनआई

**हाथरस।** कोतवाली क्षेत्र की कैलाश मंदिर वाली गली में मंगलवार सुबह एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना सुबह करीब सात बजे की है। परिवार के लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से नीचे उतारा और तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी जुटाई।



जानकारी के अनुसार, अजय वर्मा की पत्नी नेहा ने कमरे में फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। पति अजय वर्मा का आरोप है कि परिवार के कुछ सदस्य नेहा को घर के कामकाज और खाना बनाने को लेकर लगातार ताने देते थे। उनका कहना है कि इन्हीं बातों से आहत होकर नेहा ने यह कदम उठाया। बताया गया कि नेहा की शादी करीब तीन माह पहले ही हुई थी। परिवार पर पहले से ही दुख का माहौल है, क्योंकि कुछ दिन पहले उसके ससुर का निधन हो गया था। अभी उनकी त्रयोदशी का कार्यक्रम भी नहीं हुआ है। ऐसे में इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया।

## दिल्ली जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**हाथरस** एनएनआई। जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में उत्तर मध्य रेलवे ट्रैक पर पुरा रेलवे स्टेशन के निकट एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। उसका शव कल सोमवार को रेलवे ट्रैक पर मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कल सोमवार की देर रात मृतक की पहचान रोहन पासवान (22 वर्ष) पुत्र दयाराम के रूप में हुई। वह कानपुर कैंट, कानपुर के गोलाघाट नई बस्ती का निवासी था। रोहन दिल्ली के एक होटल में पिछले 1 साल से काम करता था। काम करता था। वह कुछ दिनों की छुट्टी पर घर आया हुआ था और कल ही अपने घर से दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। इसी दौरान वह ट्रेन से गिरकर मर गया। आखिर वह किस ट्रेन में सवार था यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# रोडवेज बस और ईको की भिड़ंत

## 19 वर्षीय युवक की मौत, दो गंभीर घायल

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** मक्खनपुर थाना क्षेत्र में सोमवार रात रोडवेज बस और ईको गाड़ी की आमने-सामने की टक्कर में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

पुलिस के अनुसार, खैरगढ़ थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर निवासी ग्रीस (19) पुत्र भीकमपाल अपनी ईको गाड़ी से सीएनजी भरवाने पेट्रोल पंप जा रहे थे। रूपसपुर के पास सामने से आ रही रोडवेज बस से उनकी गाड़ी की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईको गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



हादसे में ग्रीस की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ईको में सवार मयंक उर्फ कालू (27) निवासी पेड़त, थाना जसराना और प्रवेश (30) निवासी पृथ्वीपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना पर मक्खनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात भी सामान्य कराया गया। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आमने-सामने की टक्कर को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। बस चालक से भी पूछताछ की जा रही है।

# बच्ची को किडनैप करने वाले व्यक्ति को मिली 10 साल की सजा

## सीसीटीवी में कैद हुआ था आरोपी

एनएनआई

**आगरा।** घर के बाहर खेल रही चार वर्षीय बालिका के अपहरण करने के मामले में अदालत ने महाराष्ट्र के जिला औरंगाबाद क्षेत्र के अबरार कालोनी निवासी शोएब सुलेमान को दोषी पाया। एडीजे-19 लोकेश कुमार ने 10 साल कारावास के साथ 20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुना दी। दोषी को सजा दिलाने में पीड़िता की गवाही अहम रही। थाना ताजगंज में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मोनू ठाकुर ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 15 अक्तूबर 2025 की दोपहर उनकी चार वर्षीय पुत्री गोल्डी घर के बाहर खेल रही थी। इसके बाद घर लौटकर नहीं आई। आसपास के क्षेत्र में तलाश करने पर भी कहीं पता नहीं चल सका। बाद में ताजगंज के तांगा स्टैंड के पास स्थित कपड़े की दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे तो आरोपी शोएब सुलेमान पुत्री को हाथ पकड़कर ले जाता हुआ दिखाई दिया। आरोपी उन्हें पहले से ही जानता था।थाना ताजगंज पुलिस ने तलाश शुरू की। आगरा कैंट स्टेशन पर सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर आरोपी के धौलपुर जाने के बारे में पता चला। टीम वहां पहुंची, पर आरोपी नहीं मिला। वहां से दिल्ली की लोकेशन मिली। ताजगंज पुलिस ने दिल्ली पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। तब दिल्ली पुलिस ने घटना वाले दिन ही रात 2 बजे आरोपी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से बालिका को मुक्त कराया।अभियोजन पक्ष की तरफ से अदालत में वादी मुकदमा, पीड़ित बालिका, उसकी मां सहित 7 गवाह पेश किए गए। गवाही के दौरान पीड़िता ने अदालत में बने कटघरे के पास जाकर बताया कि काली टोपी व लाल, काली और सफेद टीशर्ट और दाड़ी वाला युवक मुझे लेकर गया था। मैं रो रही थी। आरोपी के अधिवक्ता ने तर्क दिए कि पुलिस ने आरोपी की शिनाख्त परेड नहीं कराई। वह सीसीटीवी कैमरे में बालिका को ले जाता हुआ नहीं दिखाई दिया। उसे झूठा फंसाया गया है। सभी गवाह भी पीड़ित के रिश्तेदार हैं।

### एसीपी अरीब ने संभाला था मोर्चा

बच्ची का पुरानी मंडी ताजगंज क्षेत्र से अपहरण के बाद हिंदूवादी संगठनों ने थाने का घेराव किया था। उस समय थाना प्रभारी जसवीर सिंह सिरोही व एसीपी सैयद अरीब अहमद थे दोनों ने ही स्थिति को बिगड़ने नही दिया एसीपी की सूझबुझ से बच्ची को बरामद करवाया व बवाल होने से भी बचाया पुलिस टीम का गठन किया गया पुलिस ने रेलवे और बस स्टेशन के कैमरे भी चेक किए। एडीजीसी ने बताया कि आगरा कैंट स्टेशन पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन से टिकट लेते हुए आरोपी दिखाई दिया। पुलिस ने रेलवे के तकनीकी टीम की मदद से उस नंबर को ट्रैस किया जिससे ऑनलाइन पेमेंट किया गया था। उसी आधार पर आरोपी को दिल्ली से पकड़ा।

# क्षत-विक्षत हालत में छह दिन बाद मिला गंगादेवी का शव

एनएनआई



**आगरा।** थाना मंटोला के सुभाष बाजार में बुधवार नाले के ऊपर बनी दुकान ढहने के बाद नाले में बही वृद्ध महिला गंगा देवी का शव छठवें दिन मिला। लागातार टीम उनकी तलाश में जुटी हुई थी। परिवार के लोग भी सुभाष बाजार में ढेरा जमाए हुए थे। आगरा किले के पास जैसे ही कीचड़ में फंसा शव बरामद हुआ, तो परिजनों में कोहराम मच गया।

सुभाष बाजार में दिलीप कुंजवानी की राधा स्वामी क्लॉथ स्टोर नाम से दुकान थी। बुधवार दोपहर 2:25 बजे बारिश के दौरान दो मंजिला दुकान ढह कर नाले में समा गई थी। हादसे में दुकान पर बैठे दिलीप के पिता तुलाराम, कर्मचारी लाला भाई, बेटा कृष्णा और ग्राहक तेहरा निवासी अनीता, उनकी डेढ़ वर्षीय बेटी अनन्या और उनकी मां गंगा देवी नाले में गिर गई थीं। सभी को लोगों ने बाहर निकाल लिया था पर वृद्ध गंगा देवी का पता नहीं चला था। पुलिस, नगर निगम की टीम, एसडीआरएफ और जल पुलिस तलाश में जुटी थी। बुलडोजर से तोड़ कर नाले की सफाई शुरू की गई थी। पुलिस और नगर निगम की टीम ने नाले की सफाई करते हुए आंबेडकर पार्क तक वृद्धा की तलाश की पर उनका पता नहीं चल पाया। ये तलाश सोमवार को जारी रही। इस बीच करीब एक बजे उनकी लाश नाले में मिल गई।

# नाबालिग बेटी के सामने महिला से अभद्रता का आरोप

## मेडिकल संचालक हिरासत में

एनएनआई




**आगरा।** एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के ट्रांस यमुना फेज-1 स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने पहुंची महिला के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि मेडिकल संचालक ने महिला की नाबालिग बेटी की मौजूदगी में उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर आरोपी ने धमकी भी दी।

खंदौली थाना क्षेत्र निवासी महिला सोमवार शाम करीब चार बजे अपनी बेटी के साथ दवा लेने मेडिकल स्टोर पहुंची थी। महिला का आरोप है कि तेज धूप के कारण उसकी तबीयत बिगड़ने पर संचालक ने उसे दुकान के अंदर बैठने के लिए कहा। इसी दौरान उसने अशोभनीय हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। महिला की नाबालिग बेटी पूरी घटना की प्रत्यक्षदर्शी बनी। घर पहुंचने पर पीड़िता ने पूरी घटना अपने परिजनों को बताई। इसके बाद परिजन बड़ी संख्या में मेडिकल स्टोर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। बाद में आक्रोशित लोगों ने संबंधित पुलिस चौकी का भी घेराव कर कार्रवाई की मांग की। चौकी इंचार्ज ने लोगो को समझा बुझाकर शांत करवाया। इसके साथ ही पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक को भी हिरासत में ले लिया है। मामले में पीड़िता द्वारा संचालक के खिलाफ लिखित में प्रार्थना पत्र दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# 10 हजार में खरीदी शादी के लिए लड़की, आरपीएफ ने मुक्त कराई बच्ची



एनएनआई

**आगरा।** गुवाहाटी-बीकानेर एक्सप्रेस से आरपीएफ ने फोर्ट रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी करके लाई जा रही 12 वर्ष की बालिका को मुक्त कराने के साथ ही तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। बिहार के पूर्णिया जिले की रहने वाली बालिका को 35 वर्ष का आरोपित दस हजार रुपये में खरीदकर शादी करके बीकानेर ले जा रहा था।

मामले में महिला समेत तीन आरोपितों के विरुद्ध मानव तस्करी का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना शनिवार रात की है। फोर्ट रेलवे स्टेशन पर गुवाहाटी-बीकानेर एक्सप्रेस में आरपीएफ को 12 वर्ष की बालिका सहमी हुई दिखाई दी। महिला समेत तीन लोग उसे घेरकर बैठे थे। शक होने पर आरपीएफ की महिला उप निरीक्षक मनीषा और आरक्षी संजय कुमार ने बालिका से बात की तो वह रोने लगी।

बालिका ने बताया कि स्वजन ने गोपाल से दस हजार रुपये लेकर जबरन उसकी शादी गोपाल से करा दी। बालिका से बातचीत के बाद आरपीएफ ने आरोपित गोपाल गहलोत निवासी मोहल्ला कजलियान थाना कोतवाली बीकानेर, गौरीशंकर और उसकी पत्नी शिल्पी निवासी थाना गंगा शहर बीकानेर को गिरफ्तार कर लिया। गोपाल गहलोत ने पूछताछ में बताया कि वह शादी करने के लिए लड़की देख रहा था। परिचित गौरीशंकर ने उसकी शादी कराने का आश्वासन दिया। वह उसे बिहार के जिले पूर्णिया लेकर गया। वहां एक परिचित के माध्यम से बालिका के स्वजन ने रिश्ते की बात की। बालिका के स्वजन ने दस हजार रुपये लेकर शादी कर दी। मानव तस्करी निरोधक थाना प्रभारी हेमलता ने बताया कि गोपाल गहलोत, गौरीशंकर और उसकी पत्नी के विरुद्ध मानव तस्करी की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। बालिका को फिलहाल आशा ज्योति केंद्र भेजा गया है।

# चोरी की बाइक का सौदा करने पहुंचे शातिर, पुलिस के चढ़े हत्थे

एनएनआई



**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे चोरी की मोटरसाइकिल का सौदा करने की फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया।

थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार के मुताबिक रविवार को नियमित चेकिंग और गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक भवानी सिंह कॉलेज के पास चोरी की बाइक बेचने की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और गोविन्दा तथा जितेन्द्र को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर चोरी की बाइक और अवैध तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि बरामद एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल बीते सप्ताह के शनिवार को न्यू आगरा थाना क्षेत्र के जागेश्वर नगर, दयालबाग से चोरी की थी। इस मामले में न्यू आगरा थाने में पहले से मुकदमा दर्ज है। ट्रांस यमुना पुलिस ने बरामदगी के आधार पर दोनों के खिलाफ बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
मंगलवार, 14 जुलाई, 2026


डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्व विद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव

# प्रत्याशियों के लिए आज कत्ल की रात

## प्रचार थमा, अब प्रत्याशी मतदाता कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से हो रहे रूबरू

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेड कर विश्व विद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव के लिए बुधवार को वोट डाले जाएंगे। पिछले करीब एक पखवाड़े तक चला प्रचार अभियान रविवार शाम को थम गया। कर्मचारियों के हितों के संघर्ष के लिए मैदान किस्मत आजमाने उतरे प्रत्याशी अब कर्मचारियों से रूबरू हो रहे हैं।

आज की रात प्रत्याशियों के लिए कत्ल की रात है। प्रत्याशी आज रात कर्मचारियों के घर-घर जाकर अपने पक्ष में मतदान के जी-तोड़ आजमाइश करेंगे। डॉ. भीमराव आंबेडकर शिक्ष णेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव के लिए मतदान रविवार शाम से थम गया। अब प्रत्याशी मत दाता कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर रहे हैं। मतदाता कर्मियों को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। आज की रात प्रत्याशियों के लिए कत्ल की रात है। मतदान बुधवार सुबह से दोपहर तक चलेगा। इसके बाद मतगणना शुरू होगी और देर रात तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।











### मेल-मुलाकातों का दौर जारी

शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव के लिए 15 जुलाई को होने वाले मतदान से 48 घंटे पहले रविवार शाम को चुनावी शोर थम गया। अंतिम दिन सभी प्रत्याशी कर्मचारी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने को जी तोड़ कोशिश में जुटे हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास चल रहा है।



### प्रत्याशी के कटाक्ष से कर्मचारियों आक्रोश

एक प्रत्याशी के पक्ष में जी- जान से लगे वरिष्ठ कर्मचारी की निष्ठा पर प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी द्वारा की गई टिप्पणी से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया। दरअसल अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी के पक्ष में लगे कर्मचारी का अगले तीन-चार महीने में रिटायरमेंट है। इस वरिष्ठ कर्मचारी की निष्ठा और लगन से खिन्न प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वह काहे इस काम में लगे हैं, इसे छोड़ रिटायरमेंट की पत्रावलियों को तैयार करने में जुटें तो ज्यादा अच्छा है। प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी की इस टिप्पणी से कर्मचारियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि अभी यह हाल है तो जीत के बाद इस प्रत्याशी का व्यवहार कैसा होगा। बहरहाल कर्मचारियों का यह आक्रोश कल क्या गुल खिलाएगा यह तो मतगणना के बाद ही पता चल सकेगा।

### खिलाई जा रही सौगंध

विश्व विद्यालय कर्मचारी संघ के चुनाव में आखिरी दिन सशक्त प्रत्याशी जहां आश्वास्त होकर बैठे हैं, वहीं अन्य प्रत्याशी मतदाता कर्मचारियों से सौगंध ले रहे हैं कि वोट उनके पक्ष में ही पड़ेगा। मतदाता अपना मन पहले से ही बनाए बैठा है कि वोट कहां देना है। अन्य प्रत्याशियों को तो वह भरोसा देकर टरका रहे हैं।

### मतदान के दिन बंद रहेंगे चुनाव कार्यालय

विश्व विद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव में माहौल गर्म है। अपनी-अपनी जीत के लिए प्रत्याशी हर हथकंडा अपनाने से नहीं चूक रहे। एक-दूसरे की शिकायत के बाद चुनाव अधिकारी ब्रजेश रावत ने सभी प्रत्याशियों के विश्वविद्यालय परिसर में संचालित चुनाव कार्यालय बंद करा दिए गए हैं। चुनाव अधिकारी ब्रजेश रावत ने बताया कि चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता के प्रत्याशियों की शिकायत पर यह कदम उठाए गए हैं।

### भाई मैं मैदान में हूं, बैठा नहीं

विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव में सोशल मीडिया पर उपाध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी के समर्थन ने दूसरे प्रत्याशी के बैठने का मैसेज कर दिया। मैसेज वायरल होते ही प्रत्याशियों और कर्मचारियों में कानाफूसी शुरू हो गई। अब उक्त प्रत्याशी सफाई देते फिर रहा है कि वह मैदान में पूरी ताकत से डटा है। उसने किसी को समर्थन नहीं दिया है। वहीं प्रकार प्रचार करने वाले प्रत्याशी समर्थक की इस हरकत की सभी निंदा कर रहे हैं।



# डिप्टी स्टेशन अधीक्षक से मारपीट प्रकरण की जांच शुरू

## वायरल वीडियो और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग खंगाल रहा जांच दल, महिला यात्री के भी दर्ज होंगे बयान

एनएनआई

**आगरा।** आगरा कैंट स्टेशन पर डिप्टी स्टेशन अधीक्षक नरेंद्र चाहर के साथ हुई कथित मारपीट के मामले में रेलवे प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया है, जिसने घटनास्थल का निरीक्षण कर प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग अपने कब्जे में ले ली है। अब रिकॉर्डिंग और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की जाएगी।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, जिस महिला यात्री को लेकर विवाद शुरू हुआ था, उससे भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। जांच दल महिला के बयान दर्ज कर घटना की वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास करेगा। अधिकारियों का मानना है कि सभी पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही मामले की निष्पक्ष जांच संभव होगी।



बताया जाता है कि रविवार को एक महिला यात्री ट्रेन में नहीं चढ़ पाई थी। महिला की मदद के लिए डिप्टी स्टेशन अधीक्षक नरेंद्र चाहर ने ट्रेन रुकवाई थी। इसके बाद महिला को लेकर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों और नरेंद्र चाहर के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर जवानों ने नरेंद्र चाहर के साथ मारपीट की। नरेंद्र चाहर का कहना है कि उन्होंने महिला की सुरक्षा को देखते हुए ट्रेन रुकवाई थी, लेकिन बाद में उन पर गलत आरोप लगाए गए। वहीं, घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला और अधिक चर्चा में आ गया है। उनकी पत्नी हरेंद्र चाहर ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है तथा कर्मचारियों को संयम बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# तीर्थों की रक्षा के लिए समाज का प्रत्येक व्यक्ति आगे आए



- द्वय का भव्य ताजगंज में मंगल प्रवेश,श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** अंकलीकर परम्पराचार्य आचार्य सौभाग्य सागर महाराज एवं आचार्य सुरत्नसागर महाराज ससंघ का बगदा स्थित चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार करते हुए पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, ताजगंज में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

मार्ग में स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं ने जयघोष,पुष्पवर्षा एवं आरती के साथ दोनों आचार्य संघ का भावपूर्ण स्वागत किया। ताजगंज जैन मंदिर पहुंचने पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरुचरणों में विनय अर्पित कर धर्मलाभ प्राप्त किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य सुरत्नसागर महाराज ने कहा कि चल तीर्थ मुनि-आर्यिका संघ और अचल तीर्थ सम्मेद शिखरजी, गिरनारजी आदि) दोनों ही जैन धर्म की अमूल्य धरोहर हैं। इनकी सुरक्षा केवल कुछ लोगों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है।

उन्होंने आह्वान किया कि हर श्रद्धालु तन, मन और धन से तीर्थ संरक्षण के अभियान में सहभागी बने, तभी आने वाली पीढ़ियां भी इन पवित्र तीर्थों का लाभ प्राप्त कर सकेंगी।परम्पराचार्य आचार्य सौभाग्यसागर महाराज ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि तीर्थ रक्षा केवल श्रावकों का कार्य नहीं है, बल्कि श्रमण परम्परा को भी इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभावक संतों को अपने चातुर्मास तीर्थक्षेत्रों पर करने चाहिए। इससे तीर्थों की सुरक्षा सुदृढ़ होगी धार्मिक गतिविधियां बढ़ेंगी तथा तीर्थों के समग्र विकास को भी नई गति मिलेगी।

धर्मसभा में भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी उत्तरांचल के अध्यक्ष जवाहरलाल जैन (गाजियाबाद) एवं महालक्ष्मी चैनल, दिल्ली के श्री शरद जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने दोनों आचार्य के मंगल प्रवचनों का लाभ लेकर तीर्थ संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर संजय बाबू जैन,विजय जैन योगेश जैन,विनय जैन,जगदीशप्रसाद जैन,राकेश जैन पर्दे,पवन जैन,मीरा जैन,रुपा जैन,पूनम जैन,ऋतु जैन समस्त ताजगंज जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# रथयात्रा महोत्सव के लिए भक्तों ने दिया आमंत्रण

## श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव को लेकर शहर में आध्यात्मिक वातावरण बनना शुरू

एनएनआई

**आगरा।** श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव को लेकर शहर में आध्यात्मिक वातावरण बनना शुरू हो गया है। संजय प्लेस क्षेत्र हरिनाम संकीर्तन और भक्ति संगीत से सराबोर नजर आया। कमला नगर स्थित इस्कॉन मंदिर के श्रद्धालुओं ने संकीर्तन यात्रा निकालकर शहरवासियों को 16 जुलाई को आयोजित होने वाली भगवान श्रीजगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। यात्रा के दौरान भक्तों के मुख पर हरिनाम और सिर पर भगवान के विग्रह स्वरूप विराजमान थे। मृदंग, ढोलक और मंजीरों की मधुर ध्वनि पर श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ नृत्य और संकीर्तन करते हुए आगे बढ़े।

आमंत्रण यात्रा का शुभारंभ संजय प्लेस स्थित आजाद पेट्रोल पंप से हुआ। इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष अरविन्द स्वरूप के मार्गदर्शन में निकली इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। यात्रा जिस मार्ग से होकर गुजरी, वहां लोगों ने अपने दैनिक कार्यों को कुछ समय के लिए छोड़कर हरिनाम संकीर्तन में सहभागिता की। कई श्रद्धालु स्वयं भी यात्रा में शामिल होकर नृत्य करते और भगवान का गुणगान करते दिखाई दिए। अरविन्द स्वरूप ने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाली रथयात्रा में आगरा मंडल के विभिन्न जिलों के अलावा यूक्रेन, रूस, ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों तथा भारत के विभिन्न राज्यों से भी श्रद्धालु शामिल होंगे। यह यात्रा श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अनूठा संगम होगी। इस अवसर पर विकास बंसल, नितेश अग्रवाल, संजय कुकरैजा, दीपक, प्रह्लाद अग्रवाल, विपिन रमेश यादव, हर्ष खटाना, ऋषभ, राजीव मल्होत्रा, सूरज, नवीन अग्रवाल, शाश्वत नन्दलाल आदि उपस्थित थे।



# अग्निवीर से लेकर अफसर बनने तक के दिए गुर

- अग्निवीर योजना और एनसीसी सी सर्टिफिकेट पास कैडिट सेना में शारीरिक और चिकित्सीय आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी

एनएनआई

**आगरा।** वन यूपी बटालियन, एनसीसी द्वारा संचालित सीएटीसी 06 कैंप, जो श्री राम आदर्श महाविद्यालय पनवारी में संचालित क्षेत्रीय भर्ती कार्यालय के अधिकारी मेजर डॉ ब्रहमम येगली ने कैडिटों को सेना में भर्ती होने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी । जिसके तहत कक्षा आठ से स्नातक और इंजीनियरिंग स्नातक तक के कैडिट सेना में भर्ती हो सकते है। अग्निवीर योजना और एनसीसी सी सर्टिफिकेट पास कैडिट सेना में कैसे एंट्री करें इसके लिए शारीरिक और चिकित्सीय आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। सूबेदार मेजर हबीबुल्लाह मीर और हवलदार समीर भी साथ रहे। यातायात के प्रति जागरूकता के लिए यातायात सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने कैडिटों को बताया कि वे यातायात के नियमों का पालन करें। हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें ट्रिपल सवारी ड्राइविंग ना करें। अपने मित्रों को भी इसकी जानकारी साझा करें समाज के हित की चीजों को समाज में प्रसारित करें। तृतीय सत्र में कैप्टन मनीष कुमार ने आपदा प्रबंधन की जानकारी कैडिटों को दी। उन्होंने कहा किसी आपदा के आने से पहले की गई तैयारी से आपदा में कम क्षति उठानी पड़ती है उन्होंने कैडिटों से आपदा किट सदैव तैयार रखने का आव्हान किया ।



# भजन संध्या में राधा-कृष्ण के मधुर भजनों पर झूमे श्रद्धालु

## लायंस क्लब आगरा सर्वोत्तम की भजन संध्या में उमड़ा आस्था का सैलाब

एनएनआई

**आगरा।** लायंस क्लब आगरा सर्वोत्तम की ओर से कमला नगर स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में भव्य भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लायंस क्लब के गवर्नर संजीव तोमर, बीडीजी प्रथम अजय भार्गव, क्लब अध्यक्ष सीए दिनेश गुप्ता, सचिव प्रदीप अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष ऋषि गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। भजन संध्या में अंतरराष्ट्रीय भजन गायक पं. मनीष शर्मा ने श्री राधा-कृष्ण एवं बांके बिहारी जी की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम, राधे-राधे जपो, चले आएंगे बिहारी.., मैं बांके की बांकी बन गईङ्क आदि भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। पूरा सभागार भगवान के जयकारों और भजनों से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। मुख्य अतिथि संजीव तोमर ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में डॉ. तरुण सिंघल, अमित अग्रवाल, नरेश चुघ, मनीष गोयल, भूवेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, नवीन गर्ग, सीमा गुप्ता, रुचि, कल्पना, मधु, आरती, मनीषा, संगीता, पूनम, अमिता आदि उपस्थित रहे।



हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# मिलावटी ई20 पेट्रोल के विरोध में यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

एनएनआई

**आगरा।** शहर यूथ कांग्रेस, आगरा द्वारा शहर अध्यक्ष अरसल अहमद के नेतृत्व में मदिया कटरा चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर मिलावटी ई20 पेट्रोल एवं उससे आम जनता के वाहनों को हो रहे नुकसान के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार, तेल कंपनियों एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मांग की कि ई20 पेट्रोल से आम जनता के वाहनों को हो रहे नुकसान को तत्काल रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएँ। साथ ही ई20 पेट्रोल से वाहनों पर पड़ रहे प्रभाव की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराकर दोषियों की जवाबदेही तय की जाए तथा आम नागरिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस गंभीर जनहित के मुद्दे पर शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो यूथ कांग्रेस



भविष्य में और व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

शहर अध्यक्ष अरसल अहमद ने कहा कि आम नागरिक अपनी मेहनत की कमाई से वाहन खरीदता है और यदि ईंधन की गुणवत्ता के कारण उसके वाहन को नुकसान होता है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार और संबंधित एजेंसियों की बनती है। उन्होंने कहा कि जनता की जेब पर बढ़ते आर्थिक बोझ और वाहनों को हो रहे नुकसान को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। यूथ कांग्रेस आम जनता के हितों से जुड़े हर मुद्दे पर मजबूती से आवाज उठाती रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर संघर्ष को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में अजहर वारसी, सचिन चौधरी, अनुज शिवहरे, बंटी रंगरेज, मोअज्जम खान, आरिफ वारसी, अरशद खान, विवेक सिंह, ज़िशान खान, मुजाहिद अहमद में भाग लेकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

## श्यामलाल सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर में 'वर्ब कॉम्पिटिशन' में बच्चों ने दिखाया दम

एनएनआई

**आगरा।** यमुना ब्रिज स्थित श्यामलाल सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर में छात्रों के अंग्रेजी भाषा ज्ञान और व्याकरण कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक 'वर्ब कॉम्पिटिशन' (क्रिया प्रतियोगिता) का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने बेहद उत्साह और उमंग के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के दौरान छात्रों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां उन्होंने व्याकरण के नियमों और क्रिया के सही उपयोग का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में शानदार और सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले मुख्य प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में भूमि शर्मा, चिराग, तन्मय, प्रीओम, यति यादव, गायत्री शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों और विजेताओं के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री उत्तम सिंह जी ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और भाषा पर उनकी पकड़ मजबूत होती है। अंत में उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।




## कागारौल में केनरा बैंक की 98वीं शाखा का शुभारंभ




एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा जनपद आगरा के गांव कागारौल में लीड बैंक केनरा बैंक की 98 वीं शाखा का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि नवस्थापित बैंक शाखा के संचालन से क्षेत्र के लोगों को अपने दैनिक बैंकिंग कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी। अब स्थानीय नागरिकों को खाता खोलने, अपनी बचत सुरक्षित जमा करने तथा अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ लेने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधाएँ, जैसे किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण, युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण, विद्यार्थियों के लिए शिक्षा ऋण तथा परिवारों के लिए गृह ऋण आदि का लाभ भी अब लोगों को अपने घर के निकट ही प्राप्त हो सकेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि शाखा खुलने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा,उन्होंने केनरा बैंक की सराहना करते हुए कहा कि बैंक, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) के नेतृत्व में विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

लीड बैंक मैनेजर ऋषिकेश बनर्जी ने कहा कि शाखा ग्राहकों को सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करेगी, जिनमें डिजिटल लेन-देन, किसान क्रेडिट कार्ड, लोन सुविधा और अन्य वित्तीय सेवाएं शामिल हैं।

इस अवसर पर महाप्रबंधक केनरा बैंक सुनित कुमार सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, सहायक महाप्रबंधक तथा ग्राम प्रधान सहित क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

## रेल मदद ऐप पर आ रही शिकायतों का हो रहा निस्तारण

एनएनआई

**आगरा।** आगरा मंडल में माह जून -2026 में रेल मदद ऐप पर 2566 शिकायतों का 25 मिनट के औसत समय में तत्काल निस्तारण किया गया

ट्रेन से जुड़ी शिकायतो पर रेल मदद ऐप व (एक्स) ट्विटर अकाउंट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ट्रेनों में सफर के दौरान यात्री रेल मदद ऐप की सहायता से मदद या फिर ट्रेन से जुड़ी शिकायत कर सकते हैं। इसमें ट्रेन में साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता, बुजुर्ग यात्रियों को ऊपरी बर्थ की जगह नीचे वाली बर्थ, बुजुर्ग की दवाई, बच्चे को दूध या फिर किसी भी प्रकार की चिकित्सीय मदद ली जा सकती है। आगरा मंडल में माह जून -2026 में रेल मदद ऐप पर 2566 शिकायतों का 25 मिनट के औसत समय में तत्काल निस्तारण किया गया है। इसी तरह पिछले सप्ताह 06.07.2026 से 12.07.2026 तक 903 शिकायतों का 19 मिनट के औसत समय में तत्काल निस्तारण किया गया है।

रेलवे मदद ऐप के जरिए ऑनलाइन सुविधाओं दे रही है, ताकि आसानी से शिकायतें पहुंच सके और उनका निवारण भी तत्काल किया जाए। रेल मदद ऐप के जरिए सफर के दौरान पानी, बिजली, सफाई सहित अन्य शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। इसके साथ ही किसी भी तरह की समस्या भी इस ऐप के जरिए कर सकते हैं। सुविधाएं मांगने या शिकायत करने के लिए जनरल डिटेल्स, घटना की तारीख, घटना स्थल, पर्सनल डिटेल, मोबाइल नम्बर और ई-मेल जैसी सूचनाएं देनी होंगी। रेल मदद ऐप पर शिकायत या समस्या बताने पर रेलवे द्वारा उसका समाधान तत्काल किया जा रहा है। रेलवे ने हर समस्या के समाधान की समय सीमा भी निर्धारित की हुई है। निर्धारित समय में समाधान न होने पर वह शिकायत उच्च अधिकारी तक पहुंच जाती है।



## विवि में दीक्षोत्सव से पहले हुई भाषण प्रतियोगिता

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 92वें दीक्षांत समारोह से पूर्व आयोजित 'दीक्षोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत एक भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता सेठ पदम चन्द जैन प्रबन्ध संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता के लिए तीन विषय विकसित भारत 2047 में उत्तर प्रदेश का योगदान : स्वच्छ, सुरक्षित एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश, विकसित भारत की आधारशिला और मानसिक स्वास्थ्य : सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र का आधार रहा।

प्रो. बृजेश रावत की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय और




समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा करने का मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. सीमा सिंह एवं डॉ. श्वेता चौधरी रही. कार्यक्रम का समन्वय प्रो. एस. के. जैन, डॉ. रूचिरा प्रसाद एवं डॉ. मीनाक्षी चौधरी द्वारा किया गया।

इस भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और संबद्ध महाविद्यालयों के कुल 65 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहित कुमार प्रजापति (फैकल्टी ऑफ आर्ट्स), द्वितीय स्थान कृष्णा अग्रवाल (के.आर. पी.जी. कॉलेज), तृतीय स्थान अनुप तुवारु (के.एम.आई.) एवं मोहित प्रजापति (फैकल्टी ऑफ आर्ट्स) ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। आगामी दिनों में निबंध और काव्य लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के डॉ. स्वाति माथुर, डॉ. श्वेता गुप्ता , डॉ. जागृति असीजा, प्रेरणा कत्याल, पूजा एवं कार्यक्रम को सुचारू और अनुशासित ढंग से संपन्न कराने में छात्र आयोजन टीम के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा, जिसमें अबीर शर्मा, अर्चित, वृद्धि, गौरी बंसल, गौरी पराशर, बंशी बिंदल और सोनाक्षी ने मुख्य रूप से व्यवस्थाएं संभालीं।

# एसआर हॉस्पिटल ने घेर रखा था फुटपाथ, 30 हजार का जुर्माना

## नगर निगम ने अतिक्रमण और फुटपाथों पर कब्जों के खिलाफ चलाया अभियान

एनएनआई




**आगरा।** नगर निगम की टास्क फोर्स ने शहर में अतिक्रमण और फुटपाथों पर अवैध कब्जों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान फुटपाथ पर वाहनों की अवैध पार्किंग संचालित कराए जाने के मामले में एसआर हॉस्पिटल प्रबंधन पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम के एसएफआई नीलेन्द्र के नेतृत्व में चलाए गए अभियान की शुरूआत साईं की तकिया क्षेत्र से हुई, जो प्रतापपुरा चौराहे तक चला। अभियान के दौरान फुटपाथों पर किए गए दर्जनों स्थायी और पक्के अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया।

निगम की टीम ने जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से अवैध निर्माण हटाते हुए फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराया, ताकि आम नागरिकों और राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिल सके।नगर निगम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से कुल 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। सबसे बड़ी कार्रवाई एसआर हॉस्पिटल के खिलाफ की गई। नगर निगम के अनुसार अस्पताल प्रबंधन द्वारा फुटपाथ पर अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग संचालित कराई जा रही थी, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कार्रवाई के दौरान अस्पताल प्रबंधन और नगर निगम की टीम के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई, हालांकि टास्क फोर्स ने निर्धारित नियमों के तहत कार्रवाई पूरी कराई।नगर आयुक्त संतोश कुमार वैश्य का कहना है-हर में अतिक्रमण और फुटपाथों पर अवैध कब्जे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध पार्किंग का संचालन भी नियमों के विरुद्ध है। नगर निगम द्वारा अभियान लगातार चलाया जाएगा।

जो भी व्यक्ति या संस्थान नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ जुर्माना सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हमारा उद्देश्य शहर की सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है।

## अतिक्रमण हटाने पर नगर निगम पर भेदभाव का आरोप

**आगरा।** नगर निगम के प्रवर्तन दल ने साईं का तकिया से अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया। प्रवर्तन दल में शामिल लोगों ने मनमानी का ऐसा दौर चलाया कि जिसकी चाहे दुकान का अतिक्रमण ध्वस्त किया पर पता नहीं क्यों किस दवाब,प्रभाव में कुछ दुकानों को अभयदान दे दिया। नामनेर बाजार कमेटी (रजि) के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित ने कहा है कि इस तरह के पक्षपातपूर्ण अभियान से कई बार जन आक्रोश होता है और अभियान का विरोध होता है और अभियान बीच में रुक जाता है और अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद होते हैं। जैसी बाजार में चर्चा है कि प्रवर्तन दल में शामिल इंस्पेक्टर और कोई कर्नल साहब ने पता नहीं किस योजना के अंतर्गत पूरे रोड के एकतरफ ही अभियान चलाया है लगता है कि सामने वाली लाइन का अतिक्रमण की छूट है। जिस लाइन में चलाया भी है उसमें भी कुछ दुकानों को छोड़ दिया गया। आक्रोशित दुकानदारों की मांग है कि निगम अधिकारियों को इसकी जांच एवं भेदभाव पूर्ण अभियान चलाने वाले जिम्मेवारों पर विभागीय कार्यवाही की जाय।

## जर्जर भवनों और नालों पर हुए निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

एनएनआई

> नगर निगम द्वारा विशेष सर्वे अभियान चलाया गया

**आगरा।** सुभाष बाजार हादसे के बाद नगर निगम ने जर्जर और नालों पर हुए निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। बारिश के दौरान हादसे की संभावना को देखते हुए 40 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसमें नगर निगम की 28 दुकानें भी शामिल हैं, जो नाले के ऊपर बनी हुई हैं।अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने बताया, मानसून में भवन गिरने और जल निकासी बाधित होने जैसी घटनाओं की आशंका को देखते हुए नगर निगम द्वारा विशेष सर्वे अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि निर्धारित समयावधि में कार्रवाई नहीं करने वाले भवन स्वामियों एवं अध्यासियों के खिलाफ नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर नगर निगम स्वयं कार्रवाई कर इसकी लागत संबंधित पक्षों से वसूलेगा। ये नोटिस उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 331 (1) के अंतर्गत दिए गए हैं। सर्वे में चिन्हित भवनों एवं अवैध निमार्णों के स्वामियों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक मरम्मत, खतरनाक हिस्सों को हटाने तथा नालों पर किए गए अतिक्रमण को समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने कहा कि बरसात के मौसम में नागरिकों की सुरक्षा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जर्जर भवनों और नालों पर किए गए अतिक्रमण के कारण किसी भी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## वीर बालक पर मंत्री संजय निषाद के बयान पर तंज, मदद को अखिलेश ने फिर बढ़ाया हाथ

एनएनआई

**बाह।** झरनापुरा का 10 साल का अजयराज ने मगरमच्छ के जबड़े में जकड़े पिता वीरभान सिंह को 25 जुलाई को चंबल नदी के किनारे बकरी चरा रहे झरनापुरा के वीरभान सिंह को मगरमच्छ चंबल नदी में खींच ले गया था। जबड़ों में जकड़े पिता को बचाने के लिए 10 साल का अजयराज मगरमच्छ से भिड़ गया था। डंडे से ताबड़तोड़ प्रहार कर मगरमच्छ से उनकी जान बचाई थी। उसकी सूझबूझ, अदम्य साहस के लिए 26 दिसंबर 2025 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया था। इसके बाद सांसद राजकुमार चाहर ने 51 हजार रुपये देकर सम्मानित किया था। पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अजयराज को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया था। सपा नेता घनश्याम भारतीय ने मंत्री संजय निषाद के बयान सरकार अजयराज की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाएगी का उल्लेख कर आरोप लगाया कि परिवार आज भी उनकी ओर ताक रहा है। अखिलेश यादव ने बच्चे की शिक्षा में मदद की है।

# बारिश में उफनाई गलियां बनी तलैया

एनएनआई



बाह। बारिश के चलते नगला दलेल गांव की उफनाई गलियां ताल तलैया सरीखी दिख रही हैं। घरों में पानी भरा हुआ है। सीलन से मकान गिरने की चिंता सता रही है, जबकि सांप, बिच्छू के हमले का खतरा बढ़ गया है। सोमवार को तहसील मुख्यालय बाह पर आजाद समाज पार्टी की सरला सिंह गुर्जर, भीम आर्मी के सूर्यकांत गहलोत के नेतृत्व में नगला दलेल की महिलाओं एवं पुरुषों ने प्रदर्शन कर एसडीएम बाह विनोद कुमार से जल निकासी की मांग की। महिलाओं चरन देवी, कसूरी देवी, कुसमा, भूरी देवी, मालती ने बताया कि तालाब के उफान से गलियों में घुटनों तक पानी भर गया है। घरों के बरामदे से लेकर पशुओं के बाड़े तक पानी आने से मुश्किलें बढ़ गई हैं। पानी के साथ घरों में बिच्छू, सांप के हमले का खतरा बढ़ गया है। तालाब क्षेत्र की बस्तियों के लोग घरों में कैद होकर रह गये हैं। उन्होंने पानी की निकासी की समस्या के समाधान की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान सुल्तान सिंह, ब्रह्मलाल, राजवीर सिंह, राकेश, पूरन सिंह, ज्ञान सिंह, हरिओम, रामअवतार आदि रहे।

# पीरजादा अरशद फरीदी बने दरगाह के नए सज्जादानशीन, चिल्लागाह पर हुई दस्तारबंदी

एनएनआई



**फतेहपुर सीकरी।** विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह में सोमवार को करीब 500 वर्ष पुरानी सूफी परंपरा के तहत नए सज्जादानशीन की दस्तारबंदी की रस्म अदा की गई। दिवंगत सज्जादानशीन पीरजादा रईस मियां चिश्ती के सुपुत्र पीरजादा अरशद फरीदी की चिल्लागाह पर दस्तारबंदी कर उन्हें आधिकारिक रूप से दरगाह का 17वां सज्जादानशीन घोषित किया गया।

यह रस्म दरगाह परिसर स्थित उस ऐतिहासिक चिल्लागाह पर संपन्न हुई, जहां हजरत शेख सलीम चिश्ती इबादत किया करते थे। पीरजादा अरशद फरीदी ने बताया कि सदियों से यह परंपरा इसी पवित्र स्थान पर निभाई जाती रही है। गौरतलब है कि दरगाह के सज्जादानशीन पीरजादा रईस मियां चिश्ती का 8 जुलाई को लखनऊ के एरा मेडिकल कॉलेज में 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। अगले दिन उन्हें दरगाह परिसर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया था। उनके निधन से सूफी समुदाय और देश-विदेश के अकीदतमंदों में शोक की लहर दौड़ गई थी।

पीरजादा रईस मियां चिश्ती ने वर्ष 2025 में ही एक समारोह के दौरान अपने पुत्र अरशद फरीदी को उत्तराधिकारी घोषित कर दिया था। सूफी परंपरा के अनुसार पूर्व सज्जादानशीन के इंतकाल के बाद दस्तारबंदी की रस्म पूरी होने पर ही उत्तराधिकारी को आधिकारिक रूप से गद्दीनशीन बनाया जाता है। दस्तारबंदी समारोह में आस्ताना-ए-आलिया कादरिया के सज्जादानशीन हजरत सिनवान शाह कादरी, खानकाह-ए-फरीदिया हैदराबाद के सज्जादानशीन शुजाउद्दीन शाहिद फरीदी सहित देशभर की विभिन्न दरगाहों के सज्जादानशीन, उलेमा, सामाजिक व धार्मिक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। सभी ने दिवंगत रईस मियां चिश्ती को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


## संपादकीय

# पीडीए के बजाय सिर्फ पीडी पर अखिलेश की नजर

उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, जो राजनीति कर रहे हैं उसे देख कर हैरानी हो रही है। अखिलेश सॉफ्ट हिंदुत्व की राजनीति कर रहे हैं। वैसे गैर भाजपा दलों की सॉफ्ट हिंदुत्व की राजनीति अभी तक कामयाब नहीं हो पाई है। सबसे पहले 2007 में गुजरात के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने इसे आजमाया था। तब कांग्रेस के तमाम दिग्गज इस पक्ष में थे कि भाजपा के खिलाफ यही रणनीति कारगर होगी। उसके बाद से अलग अलग तरीके से इसे कांग्रेस के साथ साथ उसकी दूसरी सहयोगी पार्टियों ने भी आजमाया। लेकिन किसी को कामयाबी नहीं मिली। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा भी खूब मंदिर गए लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। हिंदुत्व की राजनीति के मैदान में शिव सेना जैसी पार्टी नहीं टिक पाई। हिंदुत्व की राजनीति में वही कामयाब हुआ है, जो भाजपा के साथ है। सॉफ्ट हिंदुत्व के साथ साथ अखिलेश यादव पार्टी के मुस्लिम चेहरों से दूरी भी बना रहे हैं ताकि चुनाव के समय भाजपा उनके ऊपर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप न लगा सके।मुरादाबाद के विधायक कमाल अख्तर का अपने क्षेत्र की सांसद रूचि वीरा से विवाद हुआ। यह विवाद पहले से चल रहा था। लेकिन अब जो विवाद हुआ है उसके बाद कमाल अख्तर ने विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया। उनकी जगह किसी दलित नेता को मुख्य सचेतक बनाए जाने की खबर है। इससे पहले आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सपा से दूरी बन चुकी है। अंसारी बंधु सपा से दूर हैं और अतीक अहमद की मौत हो चुकी है। मुस्लिम चेहरे के तौर पर सपा के पास इकरा हसन और जिया उर रहमान बर्क जैसे नए लोग हैं। ऐसा लग रहा है कि अखिलेश यादव मुस्लिम चेहरों की बजाय हिंदू नेताओं के चेहरे आगे करना चाहते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अगले विधानसभा चुनाव में सपा मुस्लिम उम्मीदवारों की संख्या घटा सकती है। वैसे भी मुसलमानों के पास कम से कम उत्तर प्रदेश में अभी सपा से ज्यादा भरोसेमंद पार्टी कोई और नहीं है और न कोई दूसरी पार्टी भाजपा का मुकाबला कर सकती है। इसलिए वे सपा के साथ ही जाएंगे।उनकी पार्टी के नेता भी मान रहे हैं कि अखिलेश यादव ने भले पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक की बात कही है लेकिन उनका असली निशाना पिछड़ा और दलित पर है यानी हिंदू बहुजन पर है। वे अल्पसंख्यक को किनारे कर देंगे। उन्होंने कहा भी है कि इस बार विधानसभा चुनाव में ने 14 सामान्य सीटों पर दलित उम्मीदवार उतारेंगे। ध्यान रहे पहले से 84 सीटें दलित के लिए और दो सीटें आदिवासी के लिए आरक्षित हैं। अगर वे 14 और दलित उम्मीदवार उतारते हैं तो इस तरह एससी, एसटी के एक सौ उम्मीदवार होंगे।पिछली बार विधानसभा चुनाव में बसपा प्रमुख मायावती ने एक सौ मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। मुस्लिम वोट सपा को ही गया। इसलिए अखिलेश मुस्लिम उम्मीदवार घटाएंगे और हो सकता है कि यादव उम्मीदवार भी घटाएं, जैसा उन्होंने लोकसभा चुनाव में किया था। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपने कोटे की 63 सीटों में से सिर्फ पांच यादव उम्मीदवार दिए थे। कांग्रेस कोटे की 17 सीट में से एक भी यादव उम्मीदवार नहीं था। यानी विपक्ष ने 80 में से पांच ?दव उम्मीदवार दिए और पांचों मुलायम सिंह के परिवार से थे।इसके बावजूद उनको यादव और मुस्लिम वोट थोक में मिला। विधानसभा चुनाव में भी वे इस दांव को आजमाएंगे। मुस्लिम और यादव की बजाय वे पिछड़ा, दलित और सवर्ण हिंदुओं को प्राथमिकता देंगे।

पिछले दिनों अखिलेश यादव ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मिलने गए थे। वे शंकराचार्य के आसन की नीचे उनके पैरों के पास बैठे और उनका आशीर्वाद लिया। अखिलेश ने अयोध्या में राममंदिर चढ़ावा चोरी का मुद्दा सबसे पहले उठाया था। वे और उनकी पार्टी लगातार इसका मुद्दा बना रहे हैं और न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं। राममंदिर का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे से मामला खत्म नहीं हुआ है। अखिलेश पूरे ट्रस्ट को भंग करने की मांग कर रहे हैं। इस मामले में भाजपा बैकफुट पर आई है।

अखिलेश लगातार हिंदुत्व से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं। उनसे राम मंदिर जाने को कहा गया तो उन्होंने बताया कि वे सैफई में विशाल हनुमान मंदिर बनवा रहे हैं और उस मंदिर के पूरे होने के बाद वे अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करेंगे। पता नहीं यह कार्ड कितने चलेगा लेकिन अखिलेश इसका प्रयास कर रहे हैं। वे एक तरफ सॉफ्ट हिंदुत्व का कार्ड चल रहे हैं तो दूसरी ओर हिंदू समाज के अंदर जाति के विभाजन को भी बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए वे पिछड़ा और दलित पर ज्यादा फोकस किए हुए हैं।



# ईरान-अमेरिकाः क्या पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैलने वाला है युद्ध?

**अमेरिका और ईरान में होर्मुज को लेकर चल रही तनातनी के अब पूरे खाड़ी क्षेत्र को अपनी चपेट में ले सकती है। दरअसल तेल टैंकर पर हमले के बाद यूएई ने ईरान को जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। वहीं हूतियों ने भी सऊदी अरब पर मिसाइल हमला किया है।**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव लगातार बढ़ रहा है और अब हालात उस तरफ जा रहे हैं, जहां पूरे खाड़ी क्षेत्र में युद्ध बड़े पैमाने पर फैल सकता है। दरअसल ईरान ने ताजा हमले में होर्मुज में संयुक्त अरब अमीरात के टैंकरों को निशाना बनाया है। जिसमें एक भारतीय की मौत हुई है और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। ईरान ने हमले की बात स्वीकार कर ली है। इसके बाद यूएई ने तल्ख तेवरों में ईरान को चेतावनी दे डाली है।

संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार तड़के कहा कि ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य में दो टैंकरों पर हमला किया, जिसमें एक नाविक की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। ईरान ने 'मोम्बासा' और 'अल बहियाह' नामक टैंकरों पर दो क्रूज मिसाइलें दागीं। हमले के बाद दोनों टैंकरों में आग लग गई, हालांकि बाद में आग पर काबू पा लिया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'यूएई इस बढ़ते तनाव का जवाब देने तथा अपने क्षेत्र, अपने नागरिकों और निवासियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का पूरा अधिकार सुरक्षित रखता है।' मंगलवार सुबह दुबई के ऊपर लड़ाकू विमानों की आवाजें भी सुनी



गईं।

**हूतियों ने सऊदी अरब पर दागी मिसाइलें**

अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने कई खाड़ी देशों को निशाना बनाया है। हालांकि उसने सऊदी अरब के खिलाफ थोड़ा संयम रखा है, लेकिन अब ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर भी मिसाइल दाग दी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के अबहा एयरपोर्ट पर मिसाइल हमला किया है। हूतियों का कहना है कि सऊदी की तरफ से यमन में सना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हमला किया गया था और उसी के जवाब में यह मिसाइल हमला किया गया है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने सऊदी अरब को सना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हमले का समर्थन दिया था। ऐसे में आशंका है कि अब सऊदी अरब भी कार्रवाई कर सकता है।

**जॉर्डन पर भी ईरान का हमला**

जॉर्डन की सेना ने कहा है कि उन्होंने ईरान की तरफ से दागी गई चार मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया है। साथ ही ईरान ने बहरीन में भी अमेरिकी सेना की पांचवीं फ्लीट पर हमले का दावा किया है। वहीं इराक में भी मिसाइल हमले हुए हैं।

**अमेरिका ने होर्मुज पर टोल वसूलने की बात कही**

अमेरिका होर्मुज में मुक्त आवाजाही का समर्थक रहा है और यही वजह है कि वह ईरान के होर्मुज में टोल वसूलने का विरोध कर रहा है। दोनों देशों के बीच विवाद की ये एक बड़ी वजह है। हालांकि अब अमेरिका की रणनीति में बदलाव आता दिख रहा है। दरअसल अमेरिका ने ही होर्मुज पर टोल वसूलने की बात कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में लिखा, 'अब अमेरिका को 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य का संरक्षक' कहा जाएगा। दुनिया के इस बेहद संवेदनशील समुद्री मार्ग की सुरक्षा सुनिश्चित करने में होने वाले सभी खर्चों की भरपाई के लिए, यहां से गुजरने वाले प्रत्येक मालवाहक जहाज के माल पर 20 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा। इस व्यवस्था को तत्काल लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।'

अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान पर ईरान ने भी प्रतिक्रिया दी है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा हमेशा ईरान ने की है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने ट्रंप की इस बात से सहमति जताई कि जो देश सुरक्षित समुद्री मार्ग उपलब्ध कराता है, उसे उसके बदले उचित भुगतान मिलना चाहिए। हालांकि उन्होंने 20 प्रतिशत शुल्क को अत्यधिक बताते हुए कहा कि '20 प्रतिशत निश्चित रूप से बहुत ज्यादा है। हम न्यायसंगत शुल्क लेंगे।'



# एक गीत से बढ़ी दूरियां, वर्षों तक नहीं हुई बातचीत

## अनुराधा पौडवाल ने पुराने विवाद पर रखी अपनी बात

हिंदी फिल्म संगीत जगत की चर्चित गायिकाओं अनुराधा पौडवाल और अलका याज्ञनिक के बीच वर्षों तक चली दूरी एक समय व्यापक चर्चा का विषय रही थी। अब लंबे अंतराल के बाद अनुराधा पौडवाल ने इस पुराने विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि दोनों के बीच कोई व्यक्तिगत वैमनस्य नहीं था। यह विवाद वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म तेजाब के लोकप्रिय गीत एक दो तीन से जुड़ा माना जाता है। यह गीत अलका याज्ञनिक की आवाज में रिकॉर्ड किया गया था और दर्शकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हुआ। बाद में इसी गीत का एक अन्य संस्करण अनुराधा पौडवाल की आवाज में भी तैयार किया गया, जिसके बाद दोनों गायिकाओं के नाम चर्चा में आने लगे। उसी वर्ष एक प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका श्रेणी के लिए दोनों गायिकाओं को इसी गीत के आधार पर नामांकन मिला। पुरस्कार अलका याज्ञनिक को प्रदान किया गया, लेकिन इसके बाद दोनों कलाकारों के संबंधों को लेकर अनेक तरह की चर्चाएं सामने आईं। अनुराधा पौडवाल ने हालिया बातचीत में कहा कि उनके और अलका याज्ञनिक के बीच कभी कोई निजी विवाद नहीं था। उनके अनुसार उस समय संगीत कंपनियां और निर्माता लोकप्रिय गीतों के अलग-अलग संस्करण तैयार करवाते थे और कलाकार पेशेवर जिम्मेदारी के तहत अपना कार्य करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि समय के साथ इस विषय को लेकर अनेक अटकलें लगाई गईं, जिससे दोनों कलाकारों के बीच एक असहज दूरी अवश्य बन गई। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि यह किसी व्यक्तिगत दुश्मनी का मामला नहीं था। फिल्म संगीत के स्वर्णिम दौर से जुड़ा यह प्रसंग आज भी संगीत प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों गायिकाओं ने अपने-अपने लंबे और सफल संगीत सफर में अनेक यादगार गीतों को स्वर देकर भारतीय संगीत जगत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।





## नई भूमिका के लिए अलग परिपक्वता की आवश्यकता थी

# अक्षरा हासन

अभिनेत्री अक्षरा हासन ने अपनी आगामी फिल्म सिमुलाक्रा को लेकर कहा है कि इस फिल्म में निभाई गई भूमिका के लिए उनसे विशेष परिपक्वता और गहराई की अपेक्षा थी। उनके अनुसार इस किरदार ने उन्हें अभिनय के एक नए आयाम को समझने और प्रस्तुत करने का अवसर दिया। हाल ही में जारी फिल्म की झलक में अक्षरा हासन को 'निवी' नामक पात्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। फिल्म की कहानी भविष्य की ऐसी दुनिया पर आधारित है, जहां उन्नत मस्तिष्कीय तकनीक के माध्यम से स्मृतियों को बदला, पुनर्लिखित या मिटाया जा सकता है। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए अक्षरा हासन ने कहा कि 'निवी' उनके अब तक निभाए गए पात्रों से अलग है। उन्होंने बताया कि कहानी की बहुस्तरीय संरचना और पात्र की भावनात्मक जटिलताओं ने उन्हें अभिनय की नई संभावनाओं को तलाशने का अवसर दिया। उनके अनुसार यह भूमिका उनके लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ अत्यंत रोचक भी रही। फिल्म की कथा ऐसे समय में आधारित है, जहां मानव जीवन अत्याधुनिक मस्तिष्कीय उपकरणों से प्रभावित है।

## अनुशासित दिनचर्या को फिटनेस का आधार मानती हैं

# सोनाली बेंद्रे



### संतुलित खानपान, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य पर देती हैं विशेष ध्यान

फिल्म अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे 51 वर्ष की आयु में भी अपनी स्फूर्ति और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रशंसकों के बीच चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने खानपान और दैनिक दिनचर्या से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा करते हुए बताया कि अच्छी सेहत का कोई त्वरित उपाय नहीं होता, बल्कि इसके लिए निरंतर अनुशासन और संतुलन आवश्यक है। सोनाली बेंद्रे ने बताया कि वह किसी अस्थायी खानपान पद्धति या बदलते रुझानों पर निर्भर नहीं रहतीं। इसके बजाय वह संतुलित जीवनशैली अपनाने में विश्वास रखती हैं। उनके अनुसार, निर्धारित समय पर भोजन करना और भोजन के बीच पर्याप्त अंतर रखना उनकी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अभिनेत्री ने कहा कि वह लंबे समय से समयबद्ध भोजन पद्धति का पालन कर रही हैं। उनके अनुसार इसका उद्देश्य भोजन छोड़ना नहीं, बल्कि खाने के समय को व्यवस्थित करना और शरीर की आवश्यकताओं को समझना है। वह अपने खानपान में संतुलन बनाए रखने को प्राथमिकता देती हैं। सोनाली का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति की शारीरिक आवश्यकताएं अलग होती हैं। इसलिए किसी भी प्रकार की आहार पद्धति या व्यायाम कार्यक्रम को अपनाने से पहले अपनी स्वास्थ्य स्थिति और जरूरतों को समझना आवश्यक है। उन्होंने सभी लोगों के लिए एक ही नियम उपयुक्त होने की धारणा से असहमति जताई। गंभीर बीमारी से सफलतापूर्वक उबरने के बाद सोनाली ने अपने स्वास्थ्य के प्रति और अधिक सजगता बरती है। उन्होंने कई अवसरों पर बताया है कि उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन को भी समान महत्व दिया है। अभिनेत्री के अनुसार फिटनेस केवल शरीर को आकर्षक बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने की निरंतर प्रक्रिया है। नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, पर्याप्त विश्राम और सकारात्मक सोच को वह स्वस्थ जीवन का आधार मानती हैं। सामाजिक माध्यमों पर भी सोनाली बेंद्रे समय-समय पर योग, व्यायाम और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा करती रहती हैं।

# रोहित शर्मा की टीम इंडिया में जगह पर संकट, इंग्लैंड सीरीज में फॉर्म साबित करना होगा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों में जुटी है। ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर चर्चा तेज हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज रोहित के लिए काफी अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि टीम प्रबंधन रोहित शर्मा के प्रदर्शन पर करीबी नजर रखे हुए है। यदि वह इंग्लैंड दौरे पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आगामी सीरीज में उनकी जगह मजबूत हो सकती है। वहीं खराब फॉर्म की स्थिति में युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को मौका मिलने की संभावना जताई जा रही है। रोहित शर्मा 2027 विश्व कप तक 40 वर्ष की उम्र पार कर चुके होंगे। ऐसे में उन्हें टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए लगातार रन बनाने के साथ-साथ फिटनेस भी बरकरार रखनी होगी। भारत को इंग्लैंड दौरे के बाद वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी हैं, जो विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं।

# बीबीएल 2026 का पूरा शेड्यूल जारी, भारत से होगा टूर्नामेंट का आगाज

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बिग बैश लीग (बीबीएल) के 16वें सीजन का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। टूर्नामेंट का आगाज 12 दिसंबर 2026 को होगा, जबकि फाइनल मुकाबला 26 जनवरी 2027 को खेला जाएगा। 46 दिनों तक चलने वाले इस सीजन में कुल 44 मैच आयोजित किए जाएंगे। इस बार बीबीएल इतिहास में पहली बार किसी विदेशी टी20 फ्रेंचाइजी लीग का मैच भारत में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला 12 दिसंबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में मेलबर्न रेनेगेड्स और पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहले ही इसकी घोषणा कर चुका था और अब आधिकारिक शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 15 दिसंबर को ब्रिस्बेन हीट और सिडनी सिक्सर्स के बीच गाबा मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद सभी आठ टीमें लीग चरण में एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबले खेलेंगी।



लीग चरण का समापन 17 जनवरी को होगा। टूर्नामेंट के प्लेऑफ मुकाबले 19 जनवरी से शुरू होंगे। 19 जनवरी को क्वालिफायर, 20 जनवरी को नॉकआउट, 23 जनवरी को चैलेंजर और 26 जनवरी को फाइनल खेला जाएगा। फाइनल के साथ बीबीएल के 16वें सीजन का समापन होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस बार क्रिसमस, बॉक्सिंग डे और नए साल के अवसर पर भी विशेष मुकाबलों का आयोजन किया है। 24 दिसंबर को मेलबर्न रेनेगेड्स और होबार्ट हरिकेंस के बीच मैच खेला जाएगा। 26 दिसंबर के बॉक्सिंग डे पर सिडनी सिक्सर्स और ब्रिस्बेन हीट के अलावा पर्थ स्कॉर्चर्स और मेलबर्न स्टार्स आमने-सामने होंगे। 31 दिसंबर को नए साल की पूर्व संध्या पर एडिलेड स्ट्राइकर्स और मेलबर्न स्टार्स के बीच मुकाबला रखा गया है। वहीं 1 जनवरी को दो मैच खेले जाएंगे, जिनमें मेलबर्न रेनेगेड्स बनाम सिडनी सिक्सर्स और ब्रिस्बेन हीट बनाम होबार्ट हरिकेंस शामिल हैं।

# सीएसके के कोचिंग स्टाफ में बड़े बदलाव के संकेत, भारतीय हेड कोच पर विचार



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग के पद छोड़ने के बाद टीम के कोचिंग स्टाफ में भी बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, बॉलिंग कोच एरिक सिमंस और बैटिंग कोच माइक हसी के भविष्य पर भी फैसला नए हेड कोच की नियुक्ति के बाद लिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, सीएसके प्रबंधन अब किसी भारतीय को हेड कोच बनाने पर विचार कर रहा है। राहुल द्रविड़ और हेमांग बदानी जैसे नाम चर्चा में हैं, हालांकि अभी किसी नाम पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है। फ्रेंचाइजी प्रबंधन के अमेरिका से लौटने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नए हेड कोच के चयन में महेंद्र सिंह धोनी की भी अहम भूमिका रहेगी। वहीं, धोनी भविष्य में खिलाड़ी के रूप में टीम के साथ जुड़े रहेंगे या नहीं, इस पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। स्टीफन फ्लेमिंग 2009 से उरङ के हेड कोच थे। आईपीएल 2026 में टीम के खराब प्रदर्शन और लगातार तीसरी बार प्लेऑफ से बाहर रहने के बाद उनके और फ्रेंचाइजी के बीच आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया गया।

# 20 साल बाद वर्ल्ड कप में भिड़ेंगे फ्रांस और स्पेन, एम्बाप्पे-यमाल पर रहेंगी नजरें

**डलास।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में बुधवार देर रात फ्रांस और स्पेन की टीमें आमने-सामने होंगी। मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे डलास स्टेडियम में खेला जाएगा। वर्ल्ड कप में दोनों टीमों की आखिरी भिड़ंत 2006 में हुई थी, जब फ्रांस ने राउंड-16 में स्पेन को 3-1 से हराया था।

दोनों टीमों के बीच अब तक 38 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इनमें स्पेन ने 18, फ्रांस ने 13 मैच जीते हैं, जबकि 7 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। पिछली बार दोनों टीमें 2025 नेशंस लीग के सेमीफाइनल में भिड़ी थीं, जहां स्पेन ने 5-4 से जीत दर्ज की थी।

फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे शानदार फॉर्म में हैं। वह मौजूदा टूर्नामेंट में 8 गोल के साथ गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे हैं। वहीं स्पेन की उम्मीदें 19 वर्षीय स्टार खिलाड़ी लामिन यमाल पर टिकी होंगी। यमाल ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और कई अहम मौके बनाए हैं।



फ्रांस ने टूर्नामेंट में अब तक अपने सभी छह मुकाबले जीते हैं। टीम ने ग्रुप चरण में सेनेगल, इराक और नॉर्वे को हराया, जबकि नॉकआउट चरण में स्वीडन, पैराग्वे और मोरक्को को मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फ्रांस की जीत उसे लगातार तीसरी बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा देगी।

दूसरी ओर स्पेन अभी तक टूर्नामेंट में अजेय रहा है। टीम ने छह मैचों में पांच जीत दर्ज की हैं, जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा। स्पेन ने नॉकआउट चरण में ऑस्ट्रिया, पुर्तगाल और बेल्जियम को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई है। स्पेन की नजर 2010 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने पर होगी।

मुकाबले में फ्रांस का मजबूत आक्रमण और स्पेन का सशक्त डिफेंस आमने-सामने होगा। एम्बाप्पे और उस्मान डेम्बेले की जोड़ी फ्रांस की सबसे बड़ी ताकत है, जबकि स्पेन ने पूरे टूर्नामेंट में केवल एक गोल खाया है। ऐसे में डलास में होने वाला यह मुकाबला रोमांचक रहने की उम्मीद है।

## मंगलवार, 14 जुलाई राशिफल

मेष: आज आत्मविश्वास के साथ काम करेंगे तो अच्छे परिणाम मिलेंगे। करियर में नई जिम्मेदारी मिल सकती है और पुराने कार्य भी पूरे होने के योग हैं। आर्थिक मामलों में सतर्क रहें और सभी भुगतान व दस्तावेज ध्यान से जांचें।

वृष: आज बैंकिंग, निवेश या दस्तावेजों से जुड़े काम सोच-समझकर करें। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता रहेगी, लेकिन मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा और किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। दिखावे में खर्च करने से बचें।

मिथुन: आज बातचीत और नए संपर्क आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। करियर में नई योजनाओं पर काम शुरू करने का मौका मिलेगा। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा और छोटी यात्रा के योग भी बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी न करें।

कर्क: आज परिवार और घर से जुड़े मामलों में खुशियां मिलेंगी। किसी पुराने रुके हुए काम में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा और मानसिक शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

सिंह: आज करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। निवेश के मामलों में सोच-समझकर फैसला लें। आपकी मेहनत और आत्मविश्वास सफलता दिलाएंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लाभदायक रहेगी।

कन्या: आज रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। करियर में राहत मिलेगी और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा और किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

तुला: आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। नौकरी और व्यापार में सफलता मिलने के योग हैं। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा और निवेश से लाभ हो सकता है। परिवार में खुशहाली बनी रहेगी। खान-पान का ध्यान रखें और आत्मविश्वास के साथ निर्णय लें।

वृश्चिक: आज पुराने दस्तावेज या अटके हुए मामलों में प्रगति होगी। कार्यक्षेत्र में अनुभव का लाभ मिलेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और मानसिक शांति बनी रहेगी। जल्दबाजी से बचें।

धनु: आज वैवाहिक जीवन और साझेदारी के मामलों में सकारात्मक बदलाव आएंगे। रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। करियर में नए अवसर मिलेंगे और वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं। सकारात्मक सोच बनाए रखें।

मकर: आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। अधिकारियों से सहयोग मिलेगा और सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। नई योजनाओं पर सोच-समझकर काम करें।

कुंभ: आज नए विचार और संपर्क भविष्य में लाभ देंगे। करियर में रचनात्मकता का फायदा मिलेगा। परिवार और मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी भी बड़े फैसले में जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य के लिए नियमित दिनचर्या अपनाना लाभदायक रहेगा।

मीन: आज बचत और समझदारी से किए गए आर्थिक फैसले लाभ देंगे। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा और घर का माहौल सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिलेगा। भविष्य की योजनाओं पर ध्यान दें और अनावश्यक खर्च से बचें।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# मंदिरों के पास रिहायशी क्षेत्र में शराब ठेका बर्दाश्त नहीं: योगेंद्र उपाध्याय

**धरना स्थल से आवास पर बुलाई महिलाओं को दिया भरोसा**

- 500 मीटर में पांच मंदिर होने पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने जताई आपत्ति

एनएनआई



**आगरा।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के जयपुर हाउस स्थित आलोक नगर में गैर-कानूनी रूप से खुल रहे शराब ठेके के खिलाफ स्थानीय महिलाओं के धरने पर उच्च शिक्षा मंत्री एवं विधायक योगेंद्र उपाध्याय पहुंचे। उन्होंने तत्काल महिलाओं को पास के एक आवास पर बुलाकर उनकी समस्या सुनी और त्वरित समाधान का भरोसा दिया।

कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने जिला आबकारी अधिकारी से फोन पर बातचीत में कहा कि प्रस्तावित ठेके के 500 मीटर के दायरे में पांच मंदिर हैं और कई पार्क हैं, जहां श्रद्धालुओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चे प्रतिदिन आते-जाते हैं। उन्होंने कहा, आवासीय रिहायशी इलाके में इस तरह की गतिविधि किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। इससे क्षेत्र की शांति और सामाजिक माहौल बिगड़ेगा। धरना दे रही महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में किसी भी प्रकार का अनैतिक, गैर-कानूनी या समाज विरोधी कार्य स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने कहा, आप सभी मातृशक्ति निश्चिंत रहें। प्रदेश में कानून का राज है और कानून अपना काम पूरी सख्ती से करेगा।

मंत्री ने मौके से ही जिलाधिकारी आगरा और जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जनभावनाओं, महिलाओं के सम्मान और जनहित को ध्यान में रखते हुए इस ठेके को किसी भी सूरत में न खुलने दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल विधिक कार्रवाई कर क्षेत्रवासियों को मानसिक और सामाजिक परेशानी से राहत दिलाने के आदेश दिए।

# आगामी चुनाव में भाजपा की जीत में आधी आबादी की रहेगी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी: सरोज कुशवाहा

- महिलाओं की क्षमता किसी से छुपी नहीं,जरूरत है मजबूती से पार्टी के अभियानों को अंतिम पायदान तक पहुंचाने की

एनएनआई



**आगरा।** महिला मोर्चा की नवयुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा का प्रथम बार आगरा आगमन हुआ। महिला मोर्चा ब्रज क्षेत्र की परिचयात्मक बैठक परिणय बैंकट हॉल,पश्चिमपुरी,उत्तर विधानसभा में आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा का बैंकेट हाल पर आगमन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। ब्रज क्षेत्र महिला मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए सरोज कुशवाहा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है।जिस तरह भारतीय जनता पार्टी की जिले की हर मंडल के हर बूथ की 11 सदस्यीय टीम पार्टी के हर अभियान को नीचे तक ले कर जाती है उसी तरह महिला मोर्चे को भी नीचे तक बूथ कमेटी बनाकर अब जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा।माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव विपक्ष ने पास नहीं होने दिया इसलिए महिला मोर्चा की हर सदस्य का कर्तव्य है कि विपक्ष का काला चिट्ठा जनता के सामने प्रस्तुत करे।

महिलाओं की क्षमता किसी से छुपी नहीं,जरूरत है मजबूती से पार्टी के अभियानों को अंतिम पायदान तक पहुंचाने की और जनता से संपर्क स्थापित करने की।

आज की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा सरोज कुशवाहा, महिला मोर्चा ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष मधुलिका राघव,भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रशांत पोनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, निर्मला दीक्षित, हेमलता अग्रवाल, रंजना पवार, सुनीता सारस्वत, प्रवीणा राजावत, चंद्रेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी रोहित कत्याल, डॉक्टर निधि शर्मा, उपमा गुप्ता, पंकजा शर्मा, अंजु गर्ग, अपूर्वा जादौन, ज्योति जादौन, निधि पाठक, साक्षी चौहान, हेमा चौहान, आशा अग्रवाल, बबीता पाठक, वंदना सिंह, कविता मोहन, कुमकुम उपाध्याय, सीमा सिंघल, रेखा नागपाल, मीनाक्षी वर्मा,अनामिका मिश्रा, पूजा जैन, आदि उपस्थित रहे।

## मस्तक सिंदूर सोहे मूसे की सवारी...

**भगवान विनायक ने माता पार्वती को प्रेरित कर अपने गजानन अवतार की भूमिका रखी**



**आगरा (एनएनआई)।** भगवान गणेश ने द्वापर युग में सिंदूरासुर का वध करने के लिए ही गजानन अवतार लिया था। ब्रह्मा जी से वरदान पाकर उन्मुक्त हुए सिंदूरासुर ने जब भगवती पार्वती का हरण किया तो भगवान विनायक ने माता पार्वती को प्रेरित कर अपने गजानन अवतार की भूमिका रखी।' कथावाचक डॉ दीपिका उपाध्याय ने श्रीगणेश पुराण प्रवचन में भगवान श्रीगणेश के गजानन अवतार की भूमिका बताते हुए प्रसंग सुनाया। गुरुदीपिका योगक्षेम फाउंडेशन द्वारा दयालबाग में आयोजित श्रीगणेश पुराण प्रवचन का आज अंतिम दिन था। कथा वाचक ने कथा में मयूरेश प्रसंग श्रवण की महिमा बताते हुए कहा कि यह प्रसंग पुरुषों के लिए विशेष फलदाई है। आगे गणपति भगवान को सिंदूर चढ़ाये जाने के प्रसंग में उन्होंने सिंदूरासुर की उत्पत्ति तथा ब्रह्माजी से मिले वरदान की कथा सुनाई। वाहन रूप में मूषक की कथा सुनाते हुए कथावाचक ने बताया कि मूषक पूर्व जन्म में क्रौंच नामक बलशाली गंधर्व था जो ऋषि के श्राप से मूषक बना और भगवान गणपति ने उसका उद्धार किया। इस अवसर पर देवेंद्र गोयल, आर.के. मेहता, वीरकिशोर गुप्ता, अनुज गुप्ता, वीना कालरा, सरिता गौतम, सारिका कालरा, कान्ता शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद की एकलव्य शाखा की नई टीम ने संभाला दायित्व

**एकलव्य शाखा का 7 वाँ अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ**




**आगरा (एनएनआई)।** भारत विकास परिषद की एकलव्य शाखा का 7 वाँ अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह माल रोड स्थित क्लार्क्स श्रीराज होटल में संपन्न हुआ।समारोह में समाजसेवा, समर्पण और संगठन के दायित्वों को ईमानदारी से आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए कार्यकारिणी ने शपथ की।संस्थापक राजकुमार गुप्ता ने परिषद की स्थापना,सेवा कार्यों एवं शाखा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मायरा गुप्ता द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।कार्यकारिणी के नए सदस्यों एवं प्रशांत मिश्रा ने अध्यक्ष,आर के गुप्ता ने सचिव एवं लक्ष्मीकांत गुप्ता ने कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण की।इसके अलावा मनोरमा बघेल को महिला गतिविधि,रोहित कत्याल,राहुल पोरवाल ,रवि शर्मा,डॉक्टर आर एस चौहान ने गतिविधि संयोजक की शपथ ली। कार्यक्रम में नवीन सदस्यों महेश शर्मा,दीपू जादोन,अमित ग्वाला,नेहा गुप्ता,विक्रांत तिवारी,विनय अग्रवाल,कुलदीप सिंह आदि ने शपथ ली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थापक राजकुमार गुप्ता,प्रांतीय उपाध्यक्ष रवि शिवहरे,महासचिव विवेक अग्रवाल,विजय अग्रवाल,मनीष गुप्ता,प्रवीण बंसल,संजीव शर्मा,चंद्रवीर फौजदार, ए.के गुप्ता,अमित अग्रवाल,सचिन जैन, एस के शर्मा,मुकेश अग्रवाल,रजनी गुप्ता ,मृदुला गुप्ता,रश्मि गुप्ता,रीमा गुप्ता,सविता चौहान,प्रियंका पोरवाल,सुनीता राजन,पूनम शर्मा,अनुराधा शर्मा,अंजू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

